कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-10.05.2023

चोरी गये गैस सिलेण्डर व घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ वांछित अभियुक्त समीम थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार

श्रीमान् पुलिस आयुक्त वाराणसी के चोरी/लूट की घटनाओं के अनावरण व वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ़्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान् पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान् सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के कुशल नेतृत्व में थाना चौबेपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-194/2023 धारा 380,411 भा0द0वि0 से संबंधित वांछित अभियुक्त समीम पुत्र गुलजार मंसुरी निवासी ग्राम कौआपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी को आज दिनांक-10.5.2023 को समय करीब 11.20 बजे चोरी गये गैस सिलेण्डर व घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल के साथ रेलवे क्रासिंग उगापुर के पास से गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ़्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबेपुर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का विवरण-दिनांक-09.05.2023 को वादी मुकदमा श्री बिरेन्द्र कुमार गौड़ पुत्र राम अवतार गौड़ निवासी उगापुर थाना चौबेपुर वाराणसी ने अभियुक्त समीम व एक अन्य के द्वारा उनके घर मे रखे इंडियन कंपनी के गैस सिलेन्डर को चोरी करने के संबंध लिखित प्रार्थना पत्र दिया, जिसके आधार पर थाना चौबेपुर मे मु0अ0सं0-194/2023 धारा 380 भादवि पंजीकृत कर, विवेचना उ0नि0 महेन्द्र यादव के द्वारा संपादित की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

समीम पुत्र गुलजार मंसुरी निवासी ग्राम कौआपुर थाना चौबेपुर जनपद वाराणसी, उम्र 20 वर्ष।

बरामदगी का विवरण-

01 अदद सीज वाहन मोटरसाइकिल नं0-UP 65 DH 7972 व एक अदद चोरी गया इण्डियन गैंस सिलेण्डर बरामद।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

2.उ0नि0 महेन्द्र यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

3.हे0का0 रामफूलन यादव थाना चौबेपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी

SWAG